हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

9 पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता: संजीव



9 युगो युगो से हरियाणा प्रदर्शनी का आयोजन





N N Sharma
Director

शिक्षा – संस्कार – सुरक्षा – सफलता
WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL JIND
ADMISSION OPEN
Nur. to XII (Art/Commerce/Science)
Focus on Practicals
Strong Dedicated Teachers Team
Door to Door Transport
Indoor & Outdoor Sports
GOHANA ROAD ASHRAFGARH JIND Contact: 9896561677, 8053011129



Sukeerti Sharma
Principal

## खबर संक्षेप

### घर में घुस कर 35 हजार रुपये की नकदी चोरी

**जींद।** गांव अमरहेड़ी में चोरों ने मकान में घुस कर कर 35 हजार रुपये की नकदी और सोने का जेवर चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमरहेड़ी निवासी सुनील ने शिकायत में बताया कि कार्यवश रिश्तेदारी में गया हुआ था। जब 17 मार्च को वापस आए तो घर पर सारा सामान बिखरा पड़ा था।

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय कैथल में आज

**कैथल।** कैथल के महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में कल हरियाणा प्रदेश के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय पहुंचेंगे। वे विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे और विद्यार्थियों को अपना अभिभाषण देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे शुरू कर दिया जाएगा।

### दसवीं कक्षा की छात्रा घर से लापता, केस

**जींद।** जवाहर नगर से एक दसवीं कक्षा की छात्रा लापता हो गई है। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। लापता हुई लड़की के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी दोपहर को घर पर थी। वह अपनी बेटी को घर पर छोड़ कर अपनी पत्नी को लेने गया था।

### रास्ता रोककर की मारपीट, केस दर्ज

**कैथल।** कलायत पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सजूमा के सोनू कुमार ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 मार्च को जब उसका भाई राजवीर रास्ते से जा रहा था तो विक्की, मंगू वह अन्य व्यक्तियों ने मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसे पर लाठी डंडे और गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### दो गाड़ियों में टक्कर एक महिला घायल

**जींद।** जामनी टोल के पास एक गाड़ी को दूसरी कार द्वारा पीछे से टक्कर मारने से कार पलट गई। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने फरार कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैथल के गांव मटोर की राजो देवी ने पुलिस को शिकायत दी है।

### अश्लील वीडियो बना लाखों रुपये वसूले

**कैथल।** कैथल में युवक ने युवती से दोस्ती कर उसकी वीडियो बना ली। दोनों की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी और इसके बाद युवक ने उसे मीठी बातों में फंसाकर बहला-फुसला लिया। इस दौरान वीडियो कॉल करके युवती की अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर ली। इसके बाद वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 14 लाख 40 हजार रुपए हड़प लिए। आरोपी अभी और रुपये मांग रहा था।

### गाड़ी चालक डीजल डलवा कर फरार

**जींद।** जिले के गांव रधाना स्थित एक पेट्रोल पंप पर एक एसयूवी गाड़ी का चालक डीजल डलवा कर गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पेट्रोल पंप पर सेल्जमैन रधाना निवासी मोनू ने पुलिस को शिकायत दी है।

## डीआरडीए हाल में जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्तुत किया

# पांच मिनट में 49 करोड़ का बजट प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित

### सात माह के बाद जिला परिषद की अहम बैठक, ग्रांट वितरण का अधिकार सर्वसम्मति से चेयरपर्सन को दिया

**जिला परिषद बैठक में मनरेगा स्कीम की भी खुली पोल, नही मिला मजदूरों को कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जिला परिषद बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्षा मनीषा रंधावा। फोटो :हरिभूमि



जींद। पार्षद गुरमेल ढाबी समस्या रखते हुए। फोटो :हरिभूमि

डीआरडीए हाल में मंगलवार को जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने वर्ष 2025-26 के लिए अपना बजट प्रस्तुत किया। लगभग 49 करोड़ के बजट प्रस्ताव को पांच मिनट में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से ग्रांट वितरण का अधिकार भी जिला परिषद चेयरपर्सन को दे दिया गया। गत 12 अगस्त को ही पिछली बैठक का भी अनुमोदन भी सर्वसम्मति से कर दिया गया। मंगलवार को वार्षिक बजट तथा ग्रांट वितरण बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने की। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ अनिल दून, एसओ सतीश कुमार, सुपरीटेंडेंट व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। जिला परिषद की इस अहम बैठक में कुछ विभागों के अधिकारी नदारद रहे। जिस पर जिला परिषद चेयरपर्सन ने नोटिस जारी करने की बात कही है। जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने कहा कि भाजपा की ट्रिप्पल इंजन सरकार धड़ल्ले से विकास कार्य कर रही है। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नही है। पार्षद ग्रामीण आंचल की विकास योजना बना कर लाएं। जिन पर तुरंत प्रभाव से कार्य शुरू करवा दिए जाएंगे। जिला परिषद की बजट तथा ग्रांट वितरण वितरण अहम बैठक दोपहर को 12:30 बजे डीआरडीए हाल में शुरू हुई। जिला परिषद के अधिकारियों ने बैठक के एजेंडे को सदन में रखा। इसमें छह करोड़ 71 लाख रुपये की ग्रांट के वितरण के सभी अधिकार जिला परिषद चेयरपर्सन को सर्वसम्मति से सौंप दिए गए। चालू वित्त वर्ष के लिए जिला परिषद ने 49 करोड रुपये का बजट का प्रावधान रखा। उन्होंने बताया कि 2025-26 में जिला परिषद के पास 49 करोड़ रुपये आने और 48 करोड रुपये से ज्यादा का खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 9 करोड़ 78 लाख रुपये की आय हुई है। इसमें से 8 करोड़ 68 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। आज की बैठक में रोजमर्रा के पेटी खर्च भी सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में जिला परिषद सदस्यों ने अपने इलाके की समस्याओं को भी उठाया। वार्ड नंबर एक के जिला पार्षद गुरमेल ढाबी ने खरल और नरवाना के बीच सरकारी बस चलाने की मांग करते हुए कहा कि इस मार्ग पर प्राइवेट बस चल रही है और बुकिंग आने पर बस संचालक अपनी बस को बुकिंग पर भेज देता है और इस रूट पर बस नहीं चलती। परिवहन विभाग के अधिकारी ने इस पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वह इस बात का प्रयास करेंगे कि इस रूट पर सरकारी बस चलाई जा सके। गुरमेल ने एक अन्य मामले उठाते हुए कहा कि कुछ ऐसे मामले हैं जहां पर काम पूरा हुए बिना ठेकेदार को भुगतान कर दिया जाता है। ऐसे ही एक कार्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पीपलथा गांव में वाल्मीकि चौपाल में लाइब्रेरी बनाए जाने का काम शुरू किया गया था। काम पूरा नहीं हुआ लेकिन ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। जिला परिषद के सीईओ ने इस मामले की जांच करवाने का आश्वासन दिया। आज की बैठक में पार्षदों ने लैपटॉप और कंप्यूटर सभी सदस्यों को देने, गांव में बस क्यू शैल्टर बनाने की भी मांग की। बैठक में एक मामला उठाते हुए कहा गया कि जींद-रोहतक मार्ग पर गुसाई खेड़ा गांव में पुल के ऊपर से बस निकलती है। जबकि सरकार के स्पष्ट दिशा निर्देश है कि बसें पुल के नीचे से जाएंगी। बैठक में पंचायत समिति पिल्लूखेड़ा की चेयरपर्सन ने गांव गांगोली में पीने के पानी की समस्या का मामला उठाते हुए कहा कि यहां पर गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। पब्लिक हेल्थ अभियांत्रिकी विभाग से कोई अधिकारी नही आने के कारण इस मामले पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई लेकिन जिला परिषद सीईओ ने आश्वासन दिया कि इस मामले को उचित मंच पर उठाकर समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

#### रिकॉर्ड तोड़ कार्य होंगे

जिला परिषद की चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने बताया कि वित्त वर्ष 2025 तथा 26 के लिए लगभग 49 करोड रुपये का बजट रखा गया है। बैठक ग्रांट वितरण तथा अन्य जो प्रस्ताव रखे गए थे सर्वसम्मति से चेयरपर्सन को अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को नोटिस दिए जाएंगे। आगामी वित्त वर्ष में रिकॉर्ड तोड़ कार्य ग्रामीण अंचल में होंगे।

#### विकास कार्य जल्द शुरू होंगे

सात माह बाद ग्रांट वितरण की बैठक हुई है। इससे पहले जिला परिषद की बैठक कभी आचार संहिता तो कभी अविश्वास प्रस्ताव की राजनीति में बैठक उलझ कर रह गई थी। इसके चलते जिप द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्य भी लटक गए थे। ग्रांट वितरण समेत अन्य अधिकार जिप चेयरपर्सन को देकर जिला पार्षदों ने विकास कार्य जल्दी शुरू होने के काम पर मोहर लगाने का काम किया है।

#### हालत वास्तव में चिंताजनक

इस मामले को वार्ड नंबर एक के जिला पार्षद गुरमेल ढाबी ने उठाया था। उन्होंने कहा था कि मनरेगा में जिला पार्षदों को कुछ अधिकार मिलने चाहिएं। जींद में मनरेगा योजना की इस प्रकार की हालत वास्तव में चिंताजनक है और यह चिंता इसलिए और बढ़ जाती है कि केवल 1000 मजदूर में से औसतन एक मजदूर को ही 100 दिन काम मिल पाया है। बाकी 999 मजदूरों के परिवारों का क्या हाल होगा यह बात सोचकर ही परेशानी बढ़ने लगती है।

#### 1000 में से केवल एक मजदूर को मिला काम

मनरेगा योजना के तहत होने वाले कामों का क्या हाल है, इस बात का उदाहरण आज जिला परिषद की बैठक में उस समय देखने को मिला। जब जिला परिषद के सीईओ अनिल दून ने साफ बताया कि जींद जिले में मनरेगा के अंतर्गत 65 हजार मजदूर रजिस्टर्ड हैं। लेकिन बीते साल केवल 65 मजदूरों को ही 100 दिन का काम दिया जा सका है। उन्होंने कहा कि अन्य सभी मजदूरों को औसतन 25 दिन काम मिला है। इसमें कुछ मजदूरों को काम तो कुछ को ज्यादा दिन काम मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मनरेगा में 100 दिन काम देने का लक्ष्य इसलिए निर्धारित किया था ताकि 100 दिन की दिहाड़ी से व्यक्ति अपने परिवार का गुजारा पूरा साल कर सके।

#### गांव बिरौली में बच्चों के डूबने का खतरा

वार्ड 16 की जिला पार्षद सुदेश बिरौली ने उसके गांव में पानी की खड़ा होने और उसमें मच्छरों के पलने तथा पानी में बच्चों के डूबने के खतरा सामने रखते हुए पानी की निकासी का प्रबंध करवाने की मांग की। इस मामले पर जवाब देते हुए जिला परिषद सीईओ ने बताया कि यह मामला पूरे प्रशासन के संज्ञान में है और उपाय इतने इस मामले में दोनों विभागों के कार्यकारी अभियंताओं के साथ एक टेक्निकल कमेटी बनाई थी जिसकी रिपोर्ट आ चुकी है और एस्टीमेट अप्रूव हो चुका है। उन्होंने कहा कि अगर काम शुरू नहीं हुआ है तो इस मामले में वह व्यक्तिगत रूप से देखेंगे कि कहां क्या दिक्कत है और काम शुरू क्यों नहीं हुआ है।

### हत्या करने का आरोपी चढ़ा हत्थे

**जींद।** मलार में हुए बलराम की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव मलार निवासी मंकुश के रूप में हुई। उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा ने बताया कि थाना पिल्लूखेड़ा को सूचना मिली थी कि गांव मलार निवासी बलराम की गला काट कर हत्या कर दी गई है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक की पत्नी कुसुम ने 14 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति बलराम उनके पशुओं के बाड़े में गया था। वहां पर सुखबीर व मंकुश वासी मलार भी आ गए। जहां पर तीनों ने मिल कर शराब पी। फिर सुखबीर व मंकुश ने मिल कर उसके पति बलराम को पकड़ कर कस्सी से वार कर उसके पति का गला काट हत्या कर दी। जब वह उनके पशुओं के बाड़े में पहुंची तो उसे देख कर सुखबीर व मंकुश दीवार फांदकर भाग गए।

## पूंडरी : युवक चार दिनों से लापता परिजनों को अनहोनी की आशंका

- बरवाला से पत्नी और बेटे को लाने की बात कहकर घर से निकला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फतेहपुर निवासी 24 वर्षीय युवक सुनील कुमार पिछले चार दिनों से लापता है। वह 15 मार्च को अपनी सुसराल बरवाला से पत्नी और बेटे को लाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों का कहना है कि जब अगले दिन तक भी सुनील का कोई फोन नहीं आया, तो उन्होंने उसकी सुसराल में संपर्क किया, लेकिन वहां भी वह नहीं पहुंचा था। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों, दोस्तों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश शुरू कर दी। सुनील के पिता रामपाल ने बताया कि उनकी बहू कुछ दिन पहले झगड़े के बाद अपने मायके चली गई थी। इससे पहले भी वह कई बार मायके जा चुकी थी, लेकिन हर बार सुनील उसे समझा-बुझाकर घर ले आता था। इस बार भी उसने यही कहकर सुसराल जाने की बात कही थी कि वह अपने बेटे के बिना नहीं रह सकता। परिजनों ने बताया कि सुनील के फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। जब सुसराल पक्ष से संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### अमेरिका भेज कर सेटल करवाने का झांसा दे ठगी

**जींद।** अमेरिका भेज कर वहां पर सेटल करवाने का झांसा देकर 40 लाख 50 हजार हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक को गत दो मार्च को पनामा से डिपोर्ट कर दिया गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पीड़ित युवक के पिता की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, इमीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव जमीनी निवासी जयपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव ढाठरथ निवासी नरेश के साथ जान पहचान रही है। नरेश का भाई अमेरीका में सेटल है। अप्रैल 2024 में नरेश ने बताया कि वह युवकों को विदेश भेजने का कार्य करने के साथ वहां पर सेटल करवा देता है। नरेश के झांसे में आकर उसने अपने बेटे सचिन को अमेरीका भेजने के लिए कहा। जिस पर नरेश ने सचिन को नंबर एक में अमेरीका भेजने का आश्वासन दिया। जिसकी एवज में नरेश ने 45 लख रुपये की डिमांड की। गत 5 मई 2024 को उसने आधा एकड़ जमीन बेचकर 15 लख रुपये दे दिए।

## ढांड: मनरेगा मजदूर यूनियन ने किया प्रदर्शन, बीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

- मनरेगा मजदूरों की पारिवारिक आर्थिक स्थिति काफी कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड




ढांड। बीडीपीओ कार्यालय ढांड में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते मनरेगा मजदूर।

मनरेगा मजदूर यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रधान मोहन लाल व सचिव विनोद के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर बीडीपीओ कार्यालय ढांड में सरकार विरोधी नारेबाजी कर प्रदर्शन किया व बीडीपीओ कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते कहा कि मनरेगा मजदूरों की पारिवारिक आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। जिसके लिए परिवार को गुजारा करने के लिए दिहाड़ी के लिए काम की तलाश करनी पड़ती है। कभी काम मिल जाता है और कभी नही। ऐसे में परिवार को 2 वक्त की रोटी नसीब करवाना मुश्किल हो रहा है।

**आदेश** उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला नारकोटिक्स समन्वय केंद्र एनकोर्ड की बैठक

# कैथल को नशामुक्त बनाने के लिए मुस्तैदी और जिम्मेदारी से काम करें

**जिले में नशा करने वालों तथा बेचने वालों पर कड़ी निगरानी रखें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। फोटो :हरिभूमि

मंगलवार को डीसी प्रीति की अध्यक्षता में हुई जिला नारकोटिक्स समन्वय केंद्र एनकोर्ड की बैठक में नशीले पदार्थों की बिक्री, नशीलें पदार्थों की अवैध खेती, नशीली दवाइओं के दुरूपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने तथा एनडीपीएस से संबंधित लंबित केसों की समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को विभाग से संबंधित सभी कार्यों को तत्परता से करने के निर्देश दिए और कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए अधिकारी मुस्तैदी व जिम्मेवारी से काम करें। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़कों, जंगलों, नहरों किनारे, खाली पड़ी जमीन में अपने आप उगने वाले नशीले पौधों को तुरंत नष्ट करवाएं। साथ ही फील्ड के कर्मचारियों की इस संबंध में निगरानी के लिए ड्यूटी लगाएं। डीसी प्रीति ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन नशा रोकने के लिए कृतसंकल्प है। हमें नशा मुक्त कैथल का निर्माण करने के लिए सभी को नशा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। जिला में नशा करने वालों तथा बेचने वालों पर कड़ी निगरानी रखें।

#### ये रहे मौजूद

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, डीएमसी सुशील , कैथल एसडीएम अजय सिंह, गुहला एसडीएम कै प्रमेश कुमार, डीएसपी बीरभान, कुलदीप व ललित कुमार, डीडीपीओ कंवर दमन, सीएमओ रेणु चावला सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## साढ़े 12 लाख ठगी का आरोपी चार दिनों के पुलिस रिमांड पर

- न्यूजीलैंड में वर्क वीजा पर 45 दिन में काम दिलवाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

न्यूजीलैंड भेजने के सब्जबाग दिखाकर लाखों रुपये ठगी करने के मामले में इकनॉमिक सैल के एएसआई रणधीर सिंह व एएसआई मनोज कुमार की टीम ने आरोपी संगरूर पंजाब के मंडी अहमदगढ़ निवासी गुरिंद्र सिंह उर्फ गुरी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बलबेहड़ा गांव निवासी विक्रम सिंह की शिकायत अनुसार वह विदेश जाकर काम करना चाहता था। इसके लिए उसने चंडीगढ़ में आरोपी गुरविंद्र सिंह, परविंद्र सिंह, जसकिरत कौर व गगनदीप कौर से बातचीत की। आरोपियों ने उसे न्यूजीलैंड में वर्क वीजा पर 45 दिन में काम दिलवाने का आश्वासन दिया। उनकी 12 लाख 50 हजार रुपये में बात तय हुई। मई 2023 से लेकर सितंबर 2023 तक आरोपियों ने उससे रुपये ले लिए। उन्होंने उसे एक कंपनी का जॉइनिंग लेटर दिखाया और उसे विदेश भेजने का वादा किया। विक्रम सिंह ने कहा कि अभी तक उन्होंने उसे न तो विदेश भेजा और न ही उसके रुपये वापस कर रहे हैं। रुपये मांगने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते है।



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

लाइफ Style



# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

## हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।



# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

## टीवी मसाला




# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

# सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जानती हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।




***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल

## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।



### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआईआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*



**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

## खबर संक्षेप

### जुलानाः टॉवर से सामान चोरी, मामला दर्ज

जुलाना। जुलाना कस्बे के पंजाबी कॉलोनी स्थित टॉवर से सामान चोरी हो गया। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिसार जिले के देवा गांव निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह टेक्नीशियन के रूप में काम करता है। 13 मार्च को रात के समय अज्ञात चोर ने टॉवर के केबिन मे रखी 2 बैटरी एकेबिन का ताला तोडकर चोरी करके ले गए।

### महिला से मारपीट, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

जींद। महिला से मारपीट करने करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने फौजी पति समेत तीन लोगों के खिलाफ घरेलू उत्पीडन समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। महिला पूजा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 मार्च को उसकी अपने पति के साथ कहासुनी हो गई थी और फिर शाम को अपने कमरे में थी तो उसके देवर और पति ने उसके साथ मारपीट की।

### गांव मालवी से लड़की लापता

जींद। गांव मालवी से युवती के गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गायब लड़की के मामा ने पुलिस का दी शिकायत में बताया कि 16 मार्च को उसकी भांजी मेहंदी लगवाने के लिए गई थी। क्योंकि उनके परिवार में शादी थी। उसके बाद उसकी भांजी घर वापस नही आई।

### अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर किया अपलोड, केस

जींद। सदर थाना नरवाना इलाका गांव में युवती के साथ दुष्कर्म कर अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर डाल कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपित ने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। नरवाना पुलिस ने शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने, इंस्टा पर अश्लील फोटो वायरल करने, ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सभी समस्याओं का जल्द से जल्द करें समाधान

जींद। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबंधित सभी कॉलेज में पढने वाले सभी विद्यार्थियों को स्पेशल चांस दिया जाए। क्योंकि विद्यार्थियों का कोर्स पूरा हो गया है लेकिन कुछ परीक्षा में किसी कारण से असफल रहे। इसलिए विवि प्रशासन बच्चों का साल बाद ना हो, इसलिए उन्हें कृपा कर स्पेशल चांस दिया जाए।

### लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया

जींद। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जनसेवा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही इस पहल को लोगों ने सराहनीय बतायाए जहां आमजन अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पा रहे हैं।

### मारपीट के आरोप में पिता-पुत्र नामजद

कैथल। जिले के गांव रोहिडा में पिता पुत्र ने मिलकर मारपीट करते हुए एक व्यक्ति को घायल कर दिया। रोहेड़ा के जसवीर सिंह ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 मार्च को गांव के नरेंद्र और उसके बेटे सूर्य प्रताप ने मिलकर उसे पर मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### डिपो धारक ने गेहूं बाजार में बेचा, मामला दर्ज

कैथल। पुलिस ने उपभोक्ताओं के लिए डिपो धारकों को भेजा गेहूं को बाजार में बेचने के आरोप में एक डिपो धारक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुंडरी के सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी पुंडरी सुनील कुमार ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जांच में डिपो धारक सुरेश द्वारा उपभोक्ताओं के लिए भेजी गेहूं को बाजार में बेचा गया।

### विभाग ने प्रयोजल तैयार कर स्वास्थ्य मुख्यालय को भेजा

# जींद में टीबी मुक्त पंचायतों का दायरा बढ़ा, 19 से बढ़कर 64 पहुंची संख्या

### 13 ऐसी पंचायतें जहां दूसरे वर्ष भी टीबी के रोगी नही मिले

जल्द ही स्वास्थ्य विभाग कार्यक्रम आयोजित कर इन ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने का काम करेगा, गांव में मिले टीबी के मरीजों का ट्रीटमेंट रेट 100% हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



नागरिक अस्पताल का टीबी वार्ड, जहां क्षय रोगियों का उपचार किया जाता है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा टीबी मुक्त पंचायत अभियान लोगों को खूब रास आ रहा है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गत वर्ष जहां सम्मानित होने वाली 19 पंचायतें थी, वहीं अब यह बढ़ कर 64 हो गई हैं। सबसे ज्यादा खास बात यह है कि इन पंचायतों में 13 ऐसी पंचायतें हैं जो लगातार दूसरी बार सम्मानित होंगी। स्वास्थ्य विभाग ने 64 ग्राम पंचायतों का प्रप्रोजल तैयार कर स्वास्थ्य मुख्यालय को भेज दिया है। जहां से इन पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही स्वास्थ्य विभाग कार्यक्रम आयोजित कर इन ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने का काम करेगा।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत चयन के हैं यह नियमः टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मापदंड भी तय किए हैं। जिसके अनुसार एक हजार जनसंख्या पर कम से कम 30 सैंपल। गांव में एक हजार जनसंख्या पर टीबी के मरीजों की संख्या शून्य हो या फिर एक मरीज हों। गांव में मिले टीबी के मरीजों का ट्रीटमेंट रेट 100 प्रतिशत हो। पूर्व में आए कुल टीबी मरीजों में से 62 प्रतिशत का सीबी नॉट टेस्ट करवाया गया हो। टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह दिए गए हों। तलाशे गए सभी टीबी मरीजों को पोषण स्पोर्ट किट दी गई हो। इन पंचायतों का विश्व टीबी दिवस पर सम्मान होगा। हालांकि अभी तक कार्यक्रम का शेडयूल नही आया है। जिसके चलते जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंचायतों को बुलाकर सम्मान देते हुए गांधी जी का स्टेच्यू व सर्टिफिकेट दिया जाएगा। वर्ष 2024 में यह पंचायतें हुई थी सम्मानित : टीबी मुक्त गांव की सूची में जिले के दातासिंहवाला, रेवर, लखमीरवाला, तारखां, उदयपुर, नचारखेड़ा, खरकखादियां, लुदाना, मालसरीखेड़ा, जयपुरए रजाना खुर्द, बुढ़ाखेड़ा लाठर, खेड़ाबख्ता, बहबलपुर, किशनपुरा, पडाना, रामराय खेड़ा शामिल रही थी। पहली बार सम्मान वाली पंचायतों को मिलेगा ब्रॉज मेडलः पहली बार सम्मान पाने वाली ग्राम पंचायतों को बॉज और दूसरी बार सम्मान पाने वाली ग्राम पंचायतों को सिल्वर की महात्मा गांधी की प्रतिमा व प्रशंसा पत्र दिया जाता है। कुल 64 पंचायतें वर्ष 2025 की टीबी फ्री सूची में चयनित हो चुकी हैं। इनमें गत वर्ष की 19 टीबी मुक्त पंचायतों में 13 पंचायतें दूसरी बार शामिल हैं। ऐसे में अगर ये पंचायतें लगातार तीसरी बार भी टीबी मुक्त श्रेणी में आएंगी तो उन्हें महात्मा गांधी की गोल्ड की प्रतिमा दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर अवॉर्ड लेने के एक वर्ष का बीच का अंतर होने पर इन पंचायतों को दोबारा से ब्रॉज मेडल ही मिलेगा।

#### जींद की 64 पंचायतें टीबी मुक्त



नागरिक अस्पताल के कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले को टीबी मुक्त किया जा सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत राज्य टीम को जिले की 64 पंचायतों के नाम भेजे गए थे। जिन्हें चयनित कर लिया गया है। जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर इन पंचायतों को सम्मानित करने का काम किया जाएगा।

#### ये है क्षय रोग (टीबी)

क्षय रोग (टीबी) एक ऐसी बीमारी है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। टीबी के जीवाणु हवा के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलते हैं। टीबी के मुख्य लक्षणों में दो सप्ताह से ज्यादा खांसी रहना, रात को सोते समय पसीना आना, ठंड में भी पसीना आना, बुखार आना, थकावट होना, वजन कम होना व सांस लेने में दिक्कत होना मुख्य रूप से शामिल हैं। टीबी के इलाज के लिए छह महीने लग जाते हैं। अगर मरीज दवा बीच में छोड़ देता है तो दोबारा से इलाज शुरू किया जाता है।



जींद। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते रणधीर मताना और मौजूद सीवरेज समिति ग्राम पंचायत सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकताः संजीव

- पिल्लूखेडा ब्लाक के 27 गांवों के सरपंच, पंच, पंचायत सचिव व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है। ये बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा दालमवाला में आयोजित पीआरआई सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर संबोधित करते कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार ने कही। इससे पहले उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह ने मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। अध्यक्षता विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने की जबकि मंच संचालन खंड समन्वयक सुरेंद्र दुग्गल, दिनेश मलिक, कुशल शर्मा व बलवान सिंह ने किया। कार्यकारी अभियंता एवं नोडल अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि जींद जिले में विभाग द्वारा कनाल बेस व ट्यूबवेल से गांवों में पेयजल की सप्लाई की जा रही है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इसके लिए समय-समय पर पेयजल की जांच करवाई जाती है। प्रतिभागियों से फील्ड में आ रही समस्याओं ग्रामीणों द्वारा पेयजल को लेकर की जा रही मांगों, शिकायतों व प्रशिक्षण शिविर के विषय में फीडबैक लिया और सरपंचों को आश्वासन दिया की गांव में पेयजल की कोई समस्या नही रहेगी। जहां पेयजल के लिए जलघर की आवश्यकता होगी वहां पंचायत द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने पर जलघर का निर्माण करवाया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि ग्राम सीवरेज समिति और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। जिसके लिए इस कमेटी में स्वयं सहायता समूह की एक-एक महिला को शामिल किया जा रहा है। जिन्हें रोजगार भी मिलेगा। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता सागर, कनिष्ठ अभियंता नवीन, खंड समन्वयक सुरेंद्र दुग्गल, दिनेश मलिक आदि पेयजल जांच का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ऑनलाइन पेयजल बिल भरने की विधियों के बारे में विस्तार से बताया।

### लिव इन रिलेशनशिप पर लगाएं अंकुश

कैथल। यदि सरकार ने लीव इन रिलेशनशिप और बिना माता-पिता की इजाजत के घर से भाग कर लड़के लड़कियों द्वारा की जा रही शादियों पर पाबंदी नहीं लगाई तो समाज सड़कों पर आने के लिए मजबूर होगा जिसके लिए श्री बेनीवाल महासभा खाप शीघ्र ही राज्य क्षत्रिय सम्मेलन बुलाएगी। इसमें प्रदेश की सभी खापों को बुलाया जाएगा और उसमें सरकार के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। यह चेतावनी बेनीवाल खाप के प्रांतीय प्रधान भरत सिंह बेनीवाल ने जनसंपर्क अभियान के तहत 18 मार्च को सेक्टर 21 कैथल में उनकी अध्यक्षता मे हुई। संबोधित करते सरकार को दी बैठक को संबोधित करते वित्त सचिव सुल्तान सिंह बेनीवाल, सुरेश कुमार बेनीवाल गांव राजगढ़ डॉबी में युवाओं में नशाखोरी की बुरी लत को रोकने मृत्यु भोज बंद करने शादियों में फिजूल खर्ची बंद करने डीजे न बजाने और भ्रूण हत्या रोकने और बच्चों की शिक्षा पर जोर देने बारे समाज को जागरूक किया जाएगा।



कैथल। बैठक में भाग लेते श्री बेनीवाल खाप के पदाधिकारी।



प्रदर्शनी का शुभारंभ करते विवि कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद।

### युगो युगो से हरियाणा प्रदर्शनी का आयोजन

कैथल। एनआईआईएलएम विवि कैथल एवं साहित्य एवं संस्कृति अकादमी हरियाणा के संयुक्त तत्व अवधान में तीन दिवसीय /" युगों युगों से हरियाणा प्रदर्शनी/" का आयोजन विश्वविद्यालय प्रांगण में किया गया। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद एवं प्रोफेसर आर के उप्पल प्रधानाचार्य गुरु गोविंद सिंह कॉलेज आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ,मुक्सर पंजाब ने किया। प्रदर्शनी की शुरूआत आए हुए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। शमीम अहमद ने कहा कि इस तीन दिवसीय ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उद्देश्य वर्तमान में समाज को हरियाणा के गौरवमयी इतिहास एवं सास्कृतिक विरासत से अवगत कराना है ,इस अवसर पर उन्होंने इस ऐतिहासिक प्रदर्शनी के आयोजन के लिए आयोजित टीम को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### एनएसएस से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

कैथल। श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज में एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर आरंभ किया गया। शिविर को दो भागों में प्रात कालीन एवं सायं कालीन सत्र में विभाजित किया । शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा के साथ की गई। स्वयंसेविकाओं ने मेहमानों को एन एस एस कैप व बैज पहनकर स्वागत किया। शिविर की सात दिनों की रूपरेखा एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम जुवारी ने बताई। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप के शुभारंभ की बधाई दी। उन्होंने छात्राओं को एन एस एस मोटा नोट मी बट यू (स्वयं से पहले आप) का महत्व विस्तार से बताया। एक अनुभव को सांझा करते उन्होंने सात दिवसीय शिविर की महत्ता बताई।



राजकीय कालेज के प्राचार्य डा. राजेश कुमार शिविर का शुभारंभ करते।



आरके एसडी कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ सतबीर मैहला का स्वागत करते विद्यार्थी

### विद्यार्थी ने किया गुरु को याद किया

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ सतबीर मैहला को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए पुराने विद्याथियों के एक शिष्टमंडल ने सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया। शिष्टमंडल में शामिल उनके पुराने शिष्य कुशल भारद्वाज ने नए दायित्व पर बधाई देते हुए कहा कि डॉ मैहला एक मेहनती एवं आदर्श प्राध्यापक रहे हैं। अपने अध्यापन काल में गणित जैसे कठिन विषय को रोचक बनाकर समझाने की कला अपने आप में स्मरणीय हैं। उन्होंने आगे कहा कि महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर नियुक्त होने पर अब महाविद्यालय शिक्षा जगत में नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने भी उनके कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा को समर्पित उनका जीवन अपने आप में एक मिशाल है।



जींद। वाइस चेयरमैन सतीश कुमार का स्वागत करते गांव वासी।

### नवनियुक्त वाइस चेयरमैन का स्वागत

जींद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन सतीश कुमार अपनी नियुक्ति के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव शाहपुर पहुंचे। जहां गांववासियों ने उनका आत्मीयता और गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने गांव में स्थित बाबा बड़वाले मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। वाइस चेयरमैन सतीश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बहुत बड़ी सोच के सकारात्मक व्यक्ति हैं, जिन्होंने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को इस पद पर आसीन किया। उन्होंने हरियाणा सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे हरियाणा के बच्चों को सक्षम और शिक्षित बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे। हरियाणा प्रदेश एक ऊर्जावान राज्य है। इस अवसर पर उनके बचपन के साथी एवं गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

- ईपीएस 95 की न्यूनतम पेंशन पांच हजार रुपये तत्काल की जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर श्रमिकों की मांगों को लेकर ज्ञापन मंगलवार को तहसीलदार बलराम जाखड़ को सौंपा गया। जिला मंत्री विनोद ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में ईपीएस 95 के 75 लाख से अधिक पेंशनर को कोई राहत नही दी गई है। जिससे श्रमिक वर्ग में निराशा व्याप्त है। इस महंगाई के युग में एक हजार रुपये में जीवन निर्वाह करना कल्पना करना भी संभव नही है। इसी प्रकार प्रस्तुत बजट में देश और प्रदेश में कार्यरत स्कीम वर्कर जैसे आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, मिड डे मील के साथ-साथ मजदूर की भी उपेक्षा हुआई है। उन्होंने मांग की कि ईपीएस 95 की न्यूनतम पेंशन पांच हजार तत्काल की जाए। अंतिम तौर पर वेतन का 50 % महंगाई भत्ता राहत पेंशन का भुगतान किया जाए। स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन व सामाजिक सुरक्षा दी जाए। ज्ञापन के अलावा एनएचएम कर्मचारियों के सरकार द्वारा 2018 में लागू किए गए सेवा नियम वापस लेने के विरोध में 23 मार्च को कुरुक्षेत्र में होने वाले मुख्यमंत्री आवास के विरोध प्रदर्शन की सूचना भी उपायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजी है। जिला अध्यक्ष सतबीर बूरा आदि मौजूद रहे।



जींद। बच्चों को करियर काउंसलिंग की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सफलता प्राप्त करने के सिखाए गुर

जींद । हिंदू कन्या महाविद्यालय के कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा करियर डेवलप्मेंट वर्कशॉप, स्किल्स स्ट्रेटेजीज और सक्सेस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। वर्कशॉप का उद्देश्य छात्राओं को कैरियर में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और रणनीतियां प्रदान करना था। कार्यशाला का उद्घाटन सत्र कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज क्रांति द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या डा. पूनम मोर कैरियर विकास और व्यक्तिगत वृद्धि के महत्व को समझाया, जो आजकल की नौकरी बाजार में बहुत आवश्यक है। इस कार्यशाला में सचिन काजल मार्केटिंग हेड, ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार ने व्यक्तिगत ब्रांडिंग और नेटवर्किंग पर एक विस्तृत सत्र प्रस्तुत किया।

**आदेश** कक्षा 9वीं में सामान्य एडमिशन एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक होंगे

# राजकीय -अराजकीय स्कूलों में 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर पत्र जारी

11वीं में दाखिले को लेकर नया सत्र शुरू होने पर प्रोविजनल दाखिले एक अप्रैल से शुरू होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राजकीय और अराजकीय स्कूलों में 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा की ओर से पत्र जारी किया गया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार कक्षा 9वीं में सामान्य दाखिले एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक होंगे। इसके बाद संस्थान के मुखिया की अनुमति से एक मई से लेकर 16 मई तक बिना विलंब शुल्क दाखिले किए जाएंगे। फिर भी अगर सीट खाली रह जाती है तो संस्थान के मुखिया द्वारा संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी से अनुमति प्राप्त करते हुए 17 मई से लेकर 31 मई तक बिना विलंब शुल्क दाखिले होंगे। वहीं 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर नया सत्र शुरू होने पर प्रोविजनल दाखिले एक अप्रैल से शुरू होंगे। फिर सामान्य दाखिले बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम के दस दिनों के अंदर होंगे। अगले दस दिनों तक संस्थान के मुखिया की अनुमति द्वारा बिना विलंब शुल्क दाखिले होंगे। इसके बाद भी अगर सीट खाली रह जाती है तो संस्थान के मुखिया द्वारा संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से अनुमति प्राप्त करते हुए बिना विलंब शुल्क दाखिले किए जाएंगे। इसके उपरांत सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा के निदेशक की अनुमति से दाखिले होंगे। गौरतलब है कि अप्रैल माह से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो जाता है। राजकीय और प्राइवेट स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा दाखिला करवाने को लेकर होड़ लगी रहती है। शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं और बेहतर शिक्षा प्रणाली के बारे में अवगत करवाते हैं। अभी दसवीं कक्षा की हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। 19 मार्च को 10वीं कक्षा की परीक्षा समाप्त हो जाएंगी। इसके अलावा आठवीं कक्षा की परीक्षाएं भी 25 मार्च तक चलेंगी। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों की ओर से अगली कक्षा में दाखिला लेने की तैयारी रहती है। मार्च माह के अंत में परीक्षा परिणाम आने की संभावना है। ऐसे में सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा द्वारा नए सत्र में 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है।

#### एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होगा

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बताया कि 11वीं कक्षा में दाखिले 10वीं कक्षा का बोर्ड द्वारा परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद शुरू हो जाएंगे। सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा की ओर से 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया है। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होगा। 9वीं कक्षा में 30 अप्रैल तक सामान्य होंगे।

## निबंध लेखन में पिंकी प्रथम

अलेवा। अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में रेड रिबन कल्ब के द्वारा एडस के खिलाफ जागरूकता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य रमेश कुमार ने की। इस अवसर पर 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका सुमन खटक व सोनू जागड़ा ने निभाई। विद्यार्थियों ने हिंदी व अग्रेंरजी दोनों भाषाओं में निबंध लिखे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पिंकी ने प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर राखी रही। वहीं तीसरे स्थान पर विपुल ने बाजी मारी। रेड रिबन कल्ब प्रभारी डा. मधु बाला ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

**सूचना**

हम, सतपाल व दयानंद पुत्रान स्व. दारा राम सैनी निवासी हरि नगर, जींद बयान करते हैं कि हमारा बड़ा भाई रमेश कुमार पुत्र श्री दारा राम व इसकी पत्नी सुशीला तथा उनके पुत्र दीपक व मोहित हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनसे अपने संबंध विच्छेद करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सौरभ पुत्र स्व. सुभाष पुत्र स्व. दारा राम सैनी निवासी हरि नगर, जींद बयान करता हूं कि मेरा ताउ रमेश कुमार पुत्र श्री दारा राम व इसकी पत्नी सुशीला तथा उनके पुत्र दीपक व मोहित मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनसे अपने संबंध विच्छेद करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### निबंध प्रतियोगिता नेहा प्रथम रेखा द्वितीय रही

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्य के दिशा निर्देशानुसार एंटी स्मोकिंग सेल के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में उप प्राचार्य रमेश दलाल ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. मनजीत व डा. प्रदीप के अलावा डा. मधु बाला ने निभांई। कार्यक्रम की संयोजिता सुमन खटक रही। प्रतियोगिता का मुख्य विषय नशा का दुष्प्रभाव व रोकने का उपाय रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ-चढकर भाग लिया।

### अग्निपथ योजना की आवेदन प्रक्रिया शुरू

**जींद।** सेना भर्ती कार्यालय हिसार द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह प्रक्रिया 12 मार्च से शुरू होकर 10 अप्रैल तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार 10 अप्रैल 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए फतेहाबाद, सिरसा, जींद और हिसार जिलों के योग्य युवा आवेदन करने के पात्र हैं। इस वर्ष दो अग्निवीर श्रेणियों में आवेदन का विकल्प दिया गया है।

### मां शीतला की पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें

**राजौंद।** राजौंद दुर्गा मंदिर में पंजाबी समुदाय के लोगों ने मां शीतला की पूजा अर्चना के सुख-शांति के लिए कामना की। पंजाबी समुदाय द्वारा होली के बाद आने वाले पहले मंगलवार को यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दिन पूर्व में बने खाद्य पदार्थों को अगले दिन मंगलवार मां शीतला को पूजा अर्चना कर भोग लगाते हैं और सारा दिन वही प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दौरान कई परिवारों की महिलाएं पूरा दिन मंदिर के प्रांगण में बैठकर भजन कीर्तन भी करती हैं। इसके अलावा पूरा दिन भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर इस पर्व का आनंद उठाया। मां शीतला की पूजा अर्चना कर अपने घर की सुख समृद्धि के लिए कामना की गई।

### मछलियां निकालने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सफीदों ।** सफीदों उपमंडल के गांव भुरायण के छज्जू वाले तालाब से अवैध रूप से मछलियां निकालने को लेकर ग्रामीण नगर के मिनी सचिवालय पहुंचे और एसडीएम पुलकित मल्होत्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने आए ग्रामीण विजेंद्र कुंडु, विरेंद्र कुमार, विक्रम, धीरज शर्मा, छोटू राम, सुल्तान कुंडू ने कहा कि गांव के छज्जू वाले तालाब से अवैध रूप से मछलियां निकाली जा रही हैं।

### मानव संसाधन प्रबंधन पर क्विज प्रतियोगिता

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में एम कॉम विभाग द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन विषय पर एक वेबिनार, पीपीटी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विभाग की को ऑर्डिनेटर डॉ. रितु चांदना और गगन की देखरेख में हुआ। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने इस अवसर पर एमकॉम छात्राओं को संबोधित किया।

## मरीज और कर्मचारी परेशान

# जिला नागरिक अस्पताल में एक सप्ताह से ई-उपचार सेवा बंद

- ओपीडी स्लिप, एक्स-रे और लैब रिपोर्ट मैन्युअल तरीके से बनाई जा रही, इससे मरीजों को लंबी कतारों में घंटों खड़ा होना पड़ रहा है

*ऑनलाइन सेवाओं के बंद होने से ओपीडी की संख्या में भी भारी गिरावट आई है। जहां पहले रोजाना 1300 से 1400 मरीजों की ओपीडी होती थी, अब मरीजों की संख्या घटकर एक हजार से भी कम हो गई है। लंबी लाइन और देरी के कारण कई मरीज निजी अस्पतालों में इलाज करवाने को मजबूर ।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नागरिक अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से ई-उपचार सेवा बंद है। इससे मरीजों और कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में सभी डिजिटल सेवाएं ठप हैं। ओपीडी स्लिप, एक्स-रे और लैब रिपोर्ट मैन्युअल तरीके से बनाई जा रही हैं। इससे मरीजों को लंबी कतारों में घंटों खड़ा होना पड़ रहा है। इस वजह से लोग मजबूरन बाहर प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे हैं। कर्मचारियों अनुसार मुताबिक कंप्यूटरों की बैटरियां पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। यूपीएस बैकअप नहीं होने से कंप्यूटर बार-बार बंद हो जाते हैं। इस वजह से कर्मचारियों को अतिरिक्त समय तक काम करना पड़ रहा है। पहले कंप्यूटर पर कुछ सेकेंड में ओपीडी स्लिप बन जाती थी। अब मैन्युअल तरीके से एक स्लिप बनाने में दो से तीन मिनट का समय लग रहा है। इससे मरीजों की जांच में भी देरी हो रही है।


कैथल का नागरिक अस्पताल

### लगानी पड़ रही है कर्मचारियों की दो घंटे की अतिरिक्त ड्यूटी

ओपीडी स्लिप काटने वाले कर्मचारियों को दो घंटे की अतिरिक्त ड्यूटी करनी पड़ रही है। पहले जहां मरीज की डिटेल कंप्यूटर में डालकर पर्ची निकालनी होती थी, अब मैन्युअल पर्ची बनाने के बाद उसकी एंट्री रजिस्टर में करनी पड़ रही है। इसके अलावा ओपीडी स्लिप कोड भी मैन्युअल तरीके से ही भरना पड़ रहा है। ऑनलाइन सिस्टम ठप होने के कारण एक्स-रे और लैब रिपोर्ट भी ऑनलाइन उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इमरजेंसी में भी मरीजों की पर्चियां मैन्युअल तरीके से ही काटी जा रही हैं, जिससे गंभीर मरीजों को भी इंतजार करना पड़ रहा है।

#### सर्वर की समस्या आ रही

अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी सचिन मांडले ने बताया कि सर्वर की समस्या के कारण यह समस्या आ रही है और इसे जल्द ठीक करने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 56 कंप्यूटर बैटरियों की खरीद की प्रक्रिया भी जारी है। ऑनलाइन सेवाओं के बंद होने से ओपीडी की संख्या में भी भारी गिरावट आई है। जहां पहले रोजाना 1300 से 1400 मरीजों की ओपीडी होती थी, अब मरीजों की संख्या घटकर एक हजार से भी कम हो गई है। लंबी लाइन और देरी के कारण कई मरीज निजी अस्पतालों में इलाज करवाने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।

# सीवरेज ओवरफ्लो, सेक्टरवासी परेशानी

## समाधान शिविर में भी लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर नौ में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या के लोग लंबे समय से पेरशान हैं। सेक्टरवासियों ने सीवरेज समस्या के समाधान को लेकर दो दिन पहले समाधान शिविर में अधिकारियों से गुहार लगाई थी। इसके बाद एचएसवीपी अधिकारियों ने सेक्टर में कर्मचारियों को भेजकर सफाई का काम शुरू करवा दिया है। वहीं सेक्टरवासियों का कहना है कि सेक्टर में सीवरेज ओवरफ्लो के समस्या की समाधान को स्थायी समाधान नही किया जाता। इस कारण बार-बार सेक्टर में सीवरेज ओवरफ्लो का गंदा पानी जमा हो रहा है। सेक्टरवासियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस कारण सेक्टरवासियों में रोष बना हुआ है। फरवरी माह में सेक्टर सात के लोगों ने भी सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या को लेकर डीसी कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद एचएसवीपी के संपदा अधिकारी ने जेई को मौके पर भेज कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए थे। जेई ने वहां सीवरेज की पाइप लाइन तो डाल दी थी लेकिन लीकेज के कारण सीवरेज का गंदा पानी खाली पड़े प्लॉट में जमा हो रहा है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर सात के प्रधान एडवोकेट बिजेंद्र लाठर, सेक्टर नौ के प्रधान कर्मपाल देशवाल, तुलसी बसंल, कृष्ण दहिया और हरिओम शर्मा ने कहा कि एचएसवीपी की लापरवाही का नतीजा है।


सेक्टर में सीवरेज की सफाई करते हुए।

### अपराध एवं वित्तीय प्रबंधन विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम

**नरवाना।** ऐ राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अपराध एवं वित्तीय प्रबंधन विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता राजीव राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र हिसार ने बताया कि वर्तमान में अपराध का अंतरजाल सभी जगह फैला हुआ है। अपने मोबाइल का कम प्रयोग करें और अपरिचित काल को न उठाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के ओटीपी का आपस में आदान.प्रदान न करें। वीडियो कॉल करते समय सावधानी बरते हैं। क्रेडिट कार्ड का भी प्रयोग उचित मात्रा में करें। पोंजी योजनाओं की चीटफंड कम्पनियों के ठगी अपराध के बारे में भी जानकारी दी गई।

## महिला अधिवक्ता दिवस व स्टडी सर्कल का आयोजन



महिला अधिवक्ता दिवस व स्टडी सर्कल में भाग लेते अधिवक्ता

**कैथल।** जिला बार कक्ष कैथल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिला अधिवक्ता दिवस व स्टडी सर्कल का सफल आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता नीलम कश्यप प्रेसीडेंट जिला उपभोक्ता आयोग कैथल रही। नवनिर्वाचित जिला बार कार्यकारिणी को आमंत्रित किया गया व सम्मानित किया गया। जिला बार अध्यक्ष संदीप शर्मा ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे व शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में 15 महिला अधिवक्ता सहित कुल संख्या लगभग 100 सदस्यों की रही। इस मौके पर सभी अधिवक्तागण साथियों को जलपान कराकर शुभकामनाएं दी।

# निधि मोहन ने ज्योति सैनी को भाजपा जिलाध्यक्ष बनाने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा नेत्री निधि मोहन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिलाध्यक्ष कैथल ज्योति सैनी को उनके नए दायित्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि ज्योति सैनी की अध्यक्षता में संगठन और मजबूत बनेगा और आम जन को साथ लेकर आगे बढ़ेगा। निधि मोहन ने कहा जैसे हमारे पूर्व में रहे जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़ की अध्यक्षता में संगठन को मजबूती मिली थी, उसी प्रकार आगे भी ज्योति सैनी की अध्यक्षता में संगठन और मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा ज्योति सैनी को नई जिम्मेवारी मिलने के बाद लोगो में बहुत उत्साह देखने को मिला है। हमें विश्वास है कि ज्योति सैनी की अध्यक्षता में संगठन और मजबूत बनेगा और आम जन को साथ लेकर आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी के नेतृत्व में संगठन और तेज रफ्तार से मजबूत होगा। महिला को भाजपा जिलाध्यक्ष बनाने का निर्णय भाजपा हाईकमान का स्वागत योग्य है। उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा और पार्टी की गतिविधियों में और अधिक तेजी आएगी।


जिलाध्यक्ष कैथल ज्योति सैनी को बधाई देते भाजपा नेत्री निधि मोहन।

# कैथल में गोरक्षकों व पुलिस ने पकड़े 4 गोतस्कर

- गोहत्या के लिए ले जा रहे थे गुरुग्राम, दो गाड़ियों में पांच गौवंश मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के गांव खरक पांडवा में गौरक्षकों और पुलिस ने चार गौतस्करों को पकड़ लिया। आरोपी दो पिकअप गाड़ियों में गौवंश को लादकर सोहना जिला गुरुग्राम ले जा रहे थे। पूछताछ में दो आरोपी बिहार के और दो लुधियाना के पाए गए। पुलिस ने एक गौरक्षक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कलायत थाना में केस दर्ज कर लिया है। पंजाब से लेकर आए गौवंश गांव खरक पांडवा निवासी गौरक्षा दल के सदस्य राजू ने कलायत थाना में दी शिकायत में बताया कि 16 मार्च को रात करीब साढ़े 11 बजे वह, करनैल व अनिल गांव में थे। वहां उनको पंजाब तरफ से दो पिकअप गाड़ियां आती दिखाई दी। उनको शक हुआ कि इनमें गायों को लाद कर ले जाया जा रहा है। उन्होंने गाड़ियों का पीछा किया तो वे कुछ दूर चलकर रुक गई।


गो रक्षकों द्वारा काबू किए गए गो तस्कर

#### दो गाड़ियों में मिला गोवंश

उन्होंने गाड़ियों को चैक किया तो पाया कि उनमें से एक में दो बैल लदे हुए थे। गाड़ी ड्राइवर की पहचान बसलपुर कोकट जिला दरभंगा बिहार निवासी गोल्डन के रूप में हुई। उसमें बैठा दूसरा युवक मधुबनी जिला दरभंगा बिहार निवासी अभि पाया गया। दूसरी गाड़ी में भी तीन पशु लादे हुए थे। उसका ड्राइवर जोशी नगर लुधियाना निवासी हर्ष व कंडक्टर बिंद्रा कॉलोनी निवासी दीपक मिला। गोल्डन व हर्ष इन बैलों व गायों को लोड करके ले जाने बारे परमिट व लाइसेंस व कागज हीं पेश कर सके। यह गाय व बैल गौ हत्या के लिए सोहना गुरुग्राम ले जा रहे थे। शिकायतकर्ता ने चारों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

#### की जा रही जांच

पुलिस ने चारों आरोपियों को गाड़ियों सहित पकड़ लिया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जांच अधिकारी विजय कुमार, कलायत थाना



## वेदांता स्कूल में कक्षा 12 के छात्रों के लिए भावभीनी विदाई समारोह आयोजित

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह 2025 का आयोजन किया गयाए जिसमें छात्रों के स्कूल जीवन की यादों को संजोते हुए भावनात्मक पल देखे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन श्री रवि श्योकंद द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें जीवन में मेहनत और ईमानदारी से आगे बढने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने भी छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों के मेहनती सफर की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी हैए और निरंतर प्रयास ही आपको जीवन में आगे बढ़ाएगा। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वीना दारा ने अपने प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से छात्रों को आगे बढने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सफलता केवल कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से प्राप्त की जा सकती है।

# रणबीर ढाठरथ बने पिल्लूखेड़ा खंड समिति के उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

पिल्लूखेड़ा खंड विकास एवं पंचायत समिति के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष रणबीर सिंह ढाठरथ ने मंगलवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। एसडीएम कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने रणबीर सिंह ढाठरथ को खंड समिति के उप प्रधान पद की शपथ दिलाई। समारोह में पिल्लूखेड़ा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय की लेखाकार विदया रानी समेत स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे। पिल्लूखेड़ा खंड के वार्ड नंबर चार से नवनिर्वाचित पंचायत समिति के उपाध्यक्ष रणबीर सिंह ढाठरथ को एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बधाई देते हुए कहा कि आपसी तालमेल व सामंजस्य के साथ पिल्लूखेड़ा के ग्रामीण विकास को नई गति दें। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण स्तर पर भी सरकार द्वारा क्रियान्वित विकास परियोजनाओं को लागू करना प्रशासन द्वारा प्राथमिकता पर लिया जा रहा है ताकि क्षेत्रवासियों को अधिकाधिक सुविधा मिल सके।


**सफीदों।** उपाध्यक्ष पद के लिए साइन करते हुए रणबीर सिंह।

#### कुल 18 सदस्य

उल्लेखनीय है कि ब्लॉक पिल्लूखेड़ा में खंड समिति के कुल 18 सदस्य हैं। किन्हीं कारणों से उप प्रधान का पद रिक्त हो गया था। इसके लिए एसडीएम की अध्यक्षता में गत गत 17 फरवरी को चुनाव करवाया गया। जिसमें रणबीर सिंह ढाठरथ ने 11 वोट प्राप्त कर उपाध्यक्ष के पद के लिए चुनाव में जीत हासिल की थी। इसी निरंतरता में मंगलवार को एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।



## राजकीय आईटीआई नरवाना में बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नरवाना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए नरवाना में बाल विवाह रोकथाम अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बाल विवाह के दुष्प्रभावोंए इसके स्वास्थ्य पर पडने वाले नकारात्मक प्रभावों और शिक्षा में होन औरले नुकसान के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉण कपिल शर्माए दंत चिकित्सकए नागरिक अस्पतालए नरवाना उपस्थित रहेए जिन्होंने बाल विवाह के कारण लड़कियों के स्वास्थ्य पर पडने वाले गंभीर प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कम उम्र में विवाह से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है और यह उनके भविष्य को भी प्रभावित करता है। ओमपालए प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नरवानाए ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों को बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आईटीआई स्टाफ से जसबीर मोरए विनीत शर्माए रमेश चंदरए कोमलए आशाए मोनिकाए संतोष और सुशीला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने शपथ ली कि वे बाल विवाह रोकने और समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### भूगोल प्रश्नोत्तरी परीक्षा में काजल ने पाया प्रथम स्थान



**जींद।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को भूगोल विभाग द्वारा भूगोल प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राध्यापक राजेश कुमार ने की तथां मुख्य रूप से उप प्राचार्य रमेश दलाल ने हिस्सा लिया। मंच संचालन भूगोल विभाग प्रभारी चांद राम ने किया। भूगोल प्रश्नोत्तरी परीक्षा में काजल,ज्योति व साक्षी की सी टीम ने प्रथम, खुशी, नेहा व रितू की एफ टीम ने द्वितीय तथा कोमल, मनीषा व कुसुम की बी टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राध्यापक राजेश कुमार ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को कालेज में होने वाली ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### बजट किसान, मजदूर, गरीब हितैषी : कंडेला

**जींद।** हरियाणा सहकारी श्रम निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने बजट पर बोलते हुए कहा कि हरियाणा के बजट में किसान, मजदूर, गरीब आदमी के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी साबित होगा। बजट में खिलाड़ी, महिलाओं व किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बजट में पशुधन बागवानी और शिक्षा व स्वास्थ्य को भी बहुत लाभ मिलेगा। हरियाणा का बजट एक सरहानीय बजट है। जिसे देश को विकसित भारत बनाने के लिए लाभकारी होगा।



**कार्यक्रम** पीएम श्री उझाना के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने किया धमाल

# 400 मीटर में रवि तथा रितिक ने प्रथम रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उझाना में मुख्य अतिथि जिला नोडल अधिकारी रणधीर सिंहए विशेष अतिथि सुनील कुमारए सरपंच ग्राम पंचायत उझानाए खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ए आसीन प्रधान स्कूल प्रबंधन समितिए विशेष अतिथि अनिता गोयल एवं प्रधानाचार्य रवींद्र मित्तल की अध्यक्षता में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। छात्रों ने भारतीय संस्कृति का निर्वहन करते हुए मुख्य अतिथि ए विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथिगण का तिलक लगाकर एवं समस्त स्टाफ सदस्यगण ने पुष्प माला डालकर अभिवादन किया। प्रधानाचार्य ने स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री का सपना है कि हमारा भारत विकसित भारत बने। शिक्षा के क्षेत्र के साथ साथ बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों में और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों में इतनी ज्यादा भागीदारी देख कर ऐसा लगता है कि हमारे कदम प्रगति के पथ पर चल पड़े हैं और आने वाले समय में हमारा देश विकसित भारत बन जाएगा। आप और हम पीएम श्री के नाम को सार्थक करने में प्रयासरत है। उन्होंने बच्चों के बोर्ड परीक्षाओं के अच्छे परीक्षा परिणाम की कामना की। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने एकल नृत्य कविताए पंजाबी गीत ए समूह नृत्य ने ऐसा समा बांधा यहां तक कि सभी दर्शक एवं बच्चे भी झूम पड़े। खेल गतिविधियां मनदीप व पुष्पेंद्र द्वारा आयोजित करवाई गई जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों ने दौड़ए डिसकस थ्रो एवं वाली वॉल में बढ़ चढ़ कर भाग लिया । खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर की दौड़ में कृष व यश तथा लोंग जम्प में भूपेंदर व सुनीलए लड़कियों में देविका और तमन्ना व 200 मीटर दौड़ में कृष व रवि तथा लड़कियों में सोनम व 400 मीटर में रवि तथा रितिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथिए विशिष्ट अतिथि एप्रधानाचार्यए सरपंच एवं एसएमसी प्रधान आदि ने बच्चों को अपने कर . कमलों से पुरस्कृत किया ।



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे।